>

Title : Need to expedite the completion of Nun River Project in Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर): महोदय, जननायक कर्पूरी ठाकुर की धरती, समस्तीपुर में नून नदी पर नून नदी परियोजना " अधूरी रह गई है। हाल के दिनों तक यह नदी जिलों के नदियों की सूची में भी शामिल नहीं थी। इस नदी की भीषण बाढ़ विभीषिका को देखकर जब प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, तो उसे नदियों की सूची में शामिल किया गया। जननायक ने इस परियोजना को शुरू किया था जो उनके मरणोपरांत अधूरी रह गई। नून नदी परियोजना का पूरा होना वहां के लिए अति आवश्यक और जनाकांक्षा भी यही है।

अतः सरकार से हमारी मांग है कि शीघ्र इस परियोजना को पूरा किया जाये।